मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांक: 26.12.2024

क्षेत्राधिकारी मड़िहान , नायब तहसीलदार चुनार , थाना अदलहाट व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मा0न्यायालय के आदेश पर 26759 लीटर अवैध अग्रेजी व देशी एवं कच्ची शराब को किया गया नष्ट —

मा0न्यायालय A.C.J.M. / C.J. (S.D.) F.T.C. MIRZAPUR के आदेश व श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय मीरजापुर के आदेश पर थाना अदलहाट पर पंजीकृत वर्ष 2017 से वर्ष 2021 तक व एक माल वर्ष 2023 के कुल 231 अभियोगो के माल मुकदमाती का कुल 26759 लीटर अवैध अग्रेजी व देशी एवं कच्ची शराब को विनष्ट कर निरस्तारित करने के सम्बन्ध में टीम गठित की गयी थी।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 26.12.2024 को क्षेत्राधिकारी मड़िहान , नायब तहसीलदार , आबकारी निरीक्षक व प्रभारी थाना अदलहाट की मौजूदगी में मा0न्यायालय व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर महोदय के आदेश के अनुपालन में थाना थाना अदलहाट पर पंजीकृत वर्ष 2017 से 2021 तक व एक माल वर्ष 2023 के कुल 231 अभियोगो के माल मुकदमाती का कुल 26759 लीटर अवैध अग्रेजी व देशी एवं कच्ची शराब को गड्ढा खोदकर विनिष्टीकरण की कार्यावाही की गयी।